फरीदाबाद वर्ष-01 अंक 88, फरीदाबाद, पृष्ठ-12, बुधवार, 09 अगस्त 2023, विक्रमी सम्वत-2080, शक सम्वत-1945, श्रावण मास 17 प्रविष्टे 24 रज्जब हिजरी 1445, अमांत-श्रावण, कृष्ण पक्ष नवमी, मूल्य 3.00 रुपए






# अग्रवाल महाविद्यालय के छात्र अनमोल जैन ने शूटिंग में फिर रचा इतिहास

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के एमए अर्थशास्त्र के छात्र अनमोल जैन ने चीन के शहर चेंगडू में 28 जुलाई से प्रारंभ हुए फीसू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी समर गेम्स-2021 में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कजाकिस्तान के खिलाड़ियों को हराकर कांस्य पदक (टीम इवेंट) में प्राप्त किया। अनमोल जैन के साथ उनकी टीम में अर्जुन चीमा लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर एवं वरुण तोमर, चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ से।

ज्ञात हो कि अनमोल जैन बल्लभगढ़ शहर का ही नहीं अपितु पूरे भारतवर्ष का शूटिंग में एक होनहार खिलाड़ी है जिसने पहले भी विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर केवल अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ का ही नहीं अपितु पूरे देश का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने महाविद्यालय के शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारियों व विद्यार्थियों के साथ अनमोल जैन को महाविद्यालय परिसर में आमंत्रित कर फूलमालाओं, पुष्पगुच्छ व ढोल से जोरदार स्वागत किया एवं इस महान उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि अनमोल आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे।



सम्मानित करते हुए।

प्राचार्य केके गुप्ता ने इस अविस्मरणीय जीत के लिए निरंतर मेहनत में लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ निश्चय को सफलता का मूल मंत्र बताया। अनमोल की उपलब्धि पर अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष वासुदेव गुप्ता, सचिव दिनेश मित्तल और कोषाध्यक्ष प्रदीप मित्तल ने अनमोल को ढेर सारी शुभकामनाएं दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के शारीरिक विभाग के प्रवक्ता डॉ. जगबीर सिंह, खेल-कूद संयोजक डॉ. केएल कौशिक, डॉ. मनोज शुक्ला, डॉ. नरेश नागर, डॉ. नीलम गुप्ता, अन्य प्राध्यापकों, उप-अधीक्षक मनमोहन सिंगला ने बधाई दी।